आकाशवाणी शिमला

10.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

अनुराग ठाकुर

वरिष्ठ भाजपा नेता और केंद्रीय सूचना व प्रसारण व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि लोकतंत्र में वोट की बहुत ताकत है। उन्होंने आज समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के 80वें जन्म दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों में जनता अपना वोट विकास को देगी और लगातार तीसरी बार देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में सिर्फ मोदी के नाम की गूंज है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि भाजपा लोकसभा चुनावों के साथ–साथ विधानसभा के सभी उपचुनाव भी जितेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में विकास करवाया है और विकास का दूसरा नाम भाजपा है। अनुराग ठाकुर ने इस मौके पर प्रोफेसर धूमल के 60 वर्ष के राजनीतिक जीवन को लोगों व पार्टी संगठन के लिए समर्पित करार दिया। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठा आदमी करार दिया और कहा कि वह सबसे बड़े भ्रष्टाचारी और धोखेबाज है। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी पार्टी का हर बड़ा नेता जेल में है और दिल्ली के लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

संज्ञान

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार भुट्टो को लेकर दिए गए बयान के खिलाफ भाजपा द्वारा की गई शिकायत पर राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संज्ञान लिया है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने इस मामले में ऊना के ज़िला निर्वाचन अधिकारी से 24 घंटे के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा है। भाजपा ने अपनी शिकायत में मुख्यमंत्री के उस बयान पर आपत्ति जताई है जिसमें उन्होंने बंगाणा में एक जनसभा में कहा था भुट्टो को कुट्टो। भाजपा का आरोप है कि इस तरह के बयान राज्य में अराजकता और अशांति पैदा कर सकते हैं।

राकेश जम्वाल

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने कहा है कि कांग्रेस देशहित की बात न करके व्यक्तिगत व अभद्र टिप्पणियां कर जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। राकेश जम्वाल ने आज एक बयान में कहा कि कांग्रेस के पास न तो नीति है और न ही नियत। राकेश जम्वाल ने कहा कि जनविरोधी सुक्खू सरकार को सत्ता से हटाने का समय आ गया है। उन्होंने प्रदेशवासियों का आह्वान किया कि वे एक बार फिर देश की बागडोर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ में सौंपने के लिए मतदान करें ताकि देश सुरक्षित रहे।

सुधीर शर्मा

धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार को राज्य की जनता की नहीं बल्कि सिर्फ मित्रमंडली की चिंता है। उन्होंने आज धर्मशाला में एक बयान में कहा कि जब से प्रदेश में सुक्खू सरकार सत्ता में आई तभी से आम जनमानस त्रस्त है। सरकार ने हिमकेयर योजना को बंद कर दिया है, इस कारण लोगों को ईलाज करवाने में भारी मुश्किलें हो रही हैं। उन्होंने राज्य पर्यटन विकास निगम की कुछ इकाईयों को लीज़ पर देने के लिए 9 अप्रैल को रखे कार्यक्रम को रद्द करने पर भी सवाल

उठाया और कहा कि इससे साफ हो गया है कि सरकार कुछ गलत करने जा रही थी। सुधीर शर्मा ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने पर इस तरह के सभी कामों को जांच होगी।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा आपदा के समय केन्द्र सरकार द्वारा जारी राहत राशि को लेकर राज्य की जनता को गुमराह कर रही है। प्रतिभा सिंह ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि भाजपा ने आपदा के समय न तो प्रभावितों की मदद की और न ही सरकार का सहयोग किया। इसके विपरीत भाजपा नेताओं ने केन्द्र सरकार से मिलने वाली आर्थिक मदद को रूकवा दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र से हिमाचल को आपदा के दौरान जो राशि मिली है वह देश के हर राज्य को हर साल ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है।

मॉकड्रिल

कुल्लू ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन ने आज अन्य संबद्ध विभागों के सहयोग से सोलंगनाला स्थित स्की हिमालय रोप–वे में मॉकड्रिल का आयोजन किया। इस मॉकड्रिल में मुख्य रूप से रोप–वे की तत्परता और कुशलता को मापा गया तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा का मूल्यांकन किया गया।

दुर्घटना

किन्नौर जिले की सांगला तहसील के ब्रुआ संपर्क मार्ग पर बीती रात एक जीप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। जीप में कुल 6 लोग सवार थे। मृतक की पहचान संदीप और संजीव के रूप में हुई है। सभी घायलों का किन्नौर के ही जे.एस. डब्ल्यू अस्पताल में उपचार चल रहा है।